|| कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ||

E-Mail - dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No - 01372-252175

पत्रांकः 6280 /12-1 दिनांक, गोपेश्वर, जून 27 /2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
थराली।

विषयः– जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत नन्दकेसरी–पूर्णा से धरा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.435 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। प्रस्ताव सं0 FK/UK/Road/48913/2020.

महोदय,

उपरोक्त विषयक वर्णित प्रकरण जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत नन्दकेसरी पूर्णा से धरा तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.435 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि उक्त प्रकरण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत हुए पांच वर्ष पूर्ण हो चुके है, फलस्वरूप उक्त प्रकरण हेतु एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की वर्तमान दरो के अनुसार अवशेष धनराशि जमा की जानी है, जिसके क्रम मे अवगत कराना है कि विषयांकित प्रकरण हेतु निम्न तालिका 1 के अनुसार संशोधित एन0पी0वी0 की दर एवं तालिका 2 के अनुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण की वर्तमान दरों के अनुसार अवशेष धनराशि निम्नानुसार जमा करते हुए इस कार्यालय को सूचित करे

तालिका–1

| एन0पी0वी0 हेतु | ईको क्लास | क्षेत्रफल (है0 में) | Stage-I दिनांक | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 की धनराशि (रु0 में) | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरों के अनुसार एन0पी0वी0 का आकलन | | | जमा किये जाने वाली अवशेष धनराशि (रु0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रु0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रु0 में) | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | V | 1.435 | 31-03-2021 | 0.3 | 657000.00 | 942795.00 | 0.3 | 1005210.00 | 1442476.00 | 499681.00 |

तालिका–2

| क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु | परियोजना का क्षेत्रफल (है0 में) | क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल का क्षेत्रफल (है0 में) | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि (रु0 में) | | वर्तमान मे निर्धारित नई दरो के अनुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि का आकलन | | जमा किये जाने वाली अवशेष धनराशि (रु0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दर प्रति है0 | धनराशि (रु0 में) | दर प्रति है0 | धनराशि (रु0 में) | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 1.435 | 2.87 | 337181.00 | 967718.00 | 597341.00 | 1714369.00 | 746651.00 |

अतः विषयांकित प्रकरण में एन0पी0वी0 की अवशेष धनराशि हेतु उपरोक्त तालिका 1 के कॉलम सं0 10 मे अंकित रू0 4,99,681.00 (चार लाख निन्यानवे हजार छह सौ इक्यासी रूपये मात्र) एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की अवशेष धनराशि हेतु तालिका 2 के कॉलम सं0 7 मे अंकित रू0 7,46,651.00 (सात लाख छियालीस हजार छह सौ इक्यावन रूपये मात्र) की धनराशि को ऑनलाईन चालान के माध्यम से यथाशीघ्र जमा कर इस कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें। ताकि प्रकरण मे अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned with OKEN Scanner